# कांग्रेस के मंत्री-विधायक ग्रेटर निगम के पार्षदों को साधने में जुटे, उधर हैरिटेज के पार्षद बगावत पर उतरे

## मेयर मुनेश की कार्यशैली से नाराज करीब एक दर्जन कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों ने हैरिटेज निगम में धरना दिया

ग्रेटर निगम में दो दिन बाद होने वाले महापौर उपचुनाव को लेकर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कांग्रेस पार्षदों से बातचीत की। उधर हैरिटेज नगर निगम में कांग्रेस व निर्दलीय पार्षद अपनी ही पार्टी की महापौर मुनेश गुर्जर की कार्यशैली के विरोध में धरने पर बैठ गए। फोटो-राष्ट्रदूत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। ग्रेटर नगर निगम में 10 नवंबर को महापौर उपचुनाव है, ऐसे में मेयर की कुर्सी पर कांग्रेस का मेयर बैठाने के लिए इन दिनों कांग्रेस के मंत्री-विधायक जमकर जोड़तोड़ की कोशिशों में जुटे हैं। बाड़ेबंदी में मौजूद कांग्रेस के पार्षदों से इन दिनों समझाइश और मान-मनुहार का दौर चल रहा है। ताकि क्रॉस वोटिंग जैसी स्थिति नहीं बने।

वहीं दूसरी ओर हैरिटेज नगर निगम में मंगलवार को एक दर्जन से ज्यादा कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने कांग्रेस की महापौर मुनेश गुर्जर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और निगम मुख्यालय पर करीब एक घंटे तक धरना देकर विरोध भी जताया। इनकी नाराजगी थी कि कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद हैरिटेज निगम में बीते 2 साल से ना तो बोर्ड मीटिंग बुलाई जा रही है और न ही संचालन समितियां बनाई गई। वार्डों में विकास कार्यों और सफाई कर्मचारियों को लेकर भी सुनवाई नहीं होती।

- **धरने पर बैठे कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों की नाराजगी थी कि दो साल के कार्यकाल में मेयर मुनेश गुर्जर बोर्ड मीटिंग तक नहीं बुला रही है, अधिकारी सुनवाई नहीं करते। उधर कांग्रेस सरकार संचालन समितियां गठित नहीं कर रही है।**
- **इन पार्षदों ने मेयर मुनेश को फोन पर चेतावनी दी है कि अगर 15 नवंबर तक उनकी मांगों पर सुनवाई न हुई तो पुनः धरना देंगे**

उधर मंगलवार को मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और बगरू विधायक गंगा देवी के साथ-साथ विद्याधर नगर के कांग्रेस नेता सीताराम अग्रवाल, सांगानेर से पुष्पेन्द्र भारद्वाज और मालवीय नगर से विधायक प्रत्याशी रही अर्चना शर्मा ने ग्रेटर निगम क्षेत्र के पार्षदों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।

राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं हैं कि भाजपा में मेयर प्रत्याशी को लेकर चल रहे असंतोष का फायदा उठाने की कोशिश में कांग्रेस नेता जुटे हैं। क्योंकि पिछले दिनों जिस तरह से भाजपा ने सुखप्रीत बंसल का नाम ऐन वक्त पर काटा और कार्यवाहक शील धाबाई को भी मेयर प्रत्याशी बनाने से पार्टी ने परहेज किया, इसे लेकर समर्थक पार्षदों और कई बड़े नेताओं में नाराजगी तो हैं।

हालांकि बीजेपी के नेताओं का कहना है कि सभी एकजुट हैं और पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा पार्षद रश्मि सैनी को महापौर बनाएंगे। लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि अगर क्रॉस वोटिंग की संभावना बनती है तो कांग्रेस इसका फायदा उठाने की पूरी कोशिश करेगी। इसलिए कांग्रेस के मंत्री-विधायक और विधायक प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र के पार्षदों से बातचीत करने में जुटे हैं।

उधर मंगलवार दोपहर को जिस तरह से कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों ने हैरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ मोर्चा खोला है, उसे लेकर भी मंत्री-विधायक चिंतित है। मंगलवार को जब करीब 19 पार्षद हैरिटेज नगर निगम में बीते दो साल से बोर्ड मीटिंग नहीं बुलाये जाने और संचालन समितियां गठित न होने को लेकर धरना देने पहुंचे तो हड़कंप मच गया। हालांकि गुरूनानक जयंती का अवकाश होने के कारण निगम मुख्यालय में छुट्टी का माहौल था। धरने पर बैठे पार्षद कांग्रेस की सरकार, विधायक और मेयर को कोसते दिखे।

इन पार्षदों का कहना था कि प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार है और हैरिटेज नगर निगम में कांग्रेस का बोर्ड है, उसके बावजूद कांग्रेस के ही पार्षदों में विकास कार्य नहीं हो रहे। अफसर उनके फोन तक नहीं उठाते है। कांग्रेस बोर्ड को समर्थन दे रहे निर्दलीय पार्षदों ने भी कमेटियां बनाने की मांग की। पार्षदों ने महापौर मुनेश गुर्जर को मोबाइल पर स्पीकर ऑन कर अपनी मांगे रखी। बैठक से पार्षदों ने कमेटियां गठन करने, विकास कार्यों की स्वीकृत, सफाई कर्मचारियों के समानीकरण और बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की।

पार्षदों का आरोप है कि आयुक्त उनके विकास कार्यों की फाइलों को स्वीकृत नहीं कर रहे हैं। पार्षदों ने चेताया है कि अगर 15 नवंबर तक उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वे धरने पर बैठेंगे। धरने पर बैठने वाले इन पार्षदों में जाहिद निर्माण, मौजम बानो, मोहम्मद एहसान, सलमान मंसूरी, सना वसीम खान, जमीला बेगम, मोहम्मद फारूख, आयशा सिद्धकी, रोहित कुमार, मोहम्मद जकरिया शेरम, अरविंद मेठी, शोएब मुबारक, सोहेल मंसूरी, संतोष, नरेश नागर, उमरदराज, मोहम्मद शफीक, अकबरुद्दीन और सुनीता देवी शामिल थे।

# मकानों-गाड़ियों पर पथराव करने वाले बदमाशों को ढूंढ रही पुलिस

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के चित्रकूट इलाके में सोमवार रात बदमाशों ने गाड़ियों और मकान पर पथराव कर दिया। बदमाशों ने एक के बाद एक कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत है। अब पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों को चिन्हित कर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

एसीपी (वैशाली नगर) आलोक कुमार सैनी ने बताया कि डीसीएम स्थित विद्युत नगर ए में सोमवार रात गाड़ियों में तोड़फोड़ की वारदात हुई है। दर्जनभर से अधिक बदमाश अलग-अलग बाइकों पर लाठी-डंडे लिए कॉलोनी में घुसे। बदमाशों ने लग्जरी कार और पास ही स्थित एक मकान पर हमला बोल दिया। बदमाशों ने जिस मकान में धावा बोला, उसमें कुछ छात्र रहते हैं, लेकिन वारदात के समय वे वहां नहीं थे। फिलहाल पुलिस वीडियो और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

कॉलोनीवासियों ने बताया कि अचानक लाठी-सरिए लेकर पहुंचे बदमाश गाड़ियों और मकान पर पथराव करने लगे तो दहशत फैल गई। कई बार पुलिस कंट्रोल रूम पर फोन किया, लेकिन कॉल नहीं लगा। बाद में चित्रकूट थाना पुलिस से संपर्क हुआ। पुलिस पहुंचने से पहले ही बदमाश भाग गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

## सार-समाचार

### चोरी के वाहन खरीदने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। सोडाला थाना पुलिस ने चोरी के दुपहिया वाहन खरीदने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से तीन चोरी के दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी सतपाल सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपित कुणाल सिंह उर्फ नोनी (19) तेजाजी का मंदिर, मुख्य सोडाला का रहने वाला है, जिसकी निशानदेही के आधार पर तीन चोरी के दुपहिया वाहन जब्त किए गए है। आरोपित ने यह चोरी के वाहन अपने जानकार शिवम उर्फ अंशुमान सिंह चोरी द्वारा चोरी करना और स्वयं द्वारा इस वाहन को क्रय कर बेचना स्वीकार किया है। उधर गांधीनगर थाना पुलिस ने चोरी के एक प्रकरण में मकान मालिक के बेटे को गिरफ्तार किया है। जांच-अधिकारी एएसआई धर्मेंद्र सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपित गौरव यादव (34) शिवाड़ एरिया, बापू नगर स्थित मकान संख्या सी-59 ए का रहने वाला है। आरोपित की मां ने एक कम्पनी को अपने मकान में किराए पर कमरा दिया था। आरोपित गौरव यादव ने कम्पनी के सामान को चुरा लिया था। इस पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

### फांसी लगाकर युवक ने जान दी

**जयपुर** (कासं)। सोडाला थाना इलाके में सोमवार देर रात एक युवक ने अपने घर में साडी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जांच-अधिकारी एएसआई राजकुमार ने बताया कि मृतक विकास सैनी (35) पुत्र घासीराम शिव कॉलोनी रामनगर का रहने वाला था। मृतक शराब पीने आदि था। उसने घटना के दौरान शराब पी रखी थी। घटना के वक्त परिवार के लोग शादी में गए हुए थे। इस दौरान सोमवार रात विकास ने साडी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। फ़िलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि कुछ समय पहले ही मृतक के पिता और बडे भाई की मौत हो चुकी है।

### 'मेगा जॉब फेयर' 14 नवंबर को

**जयपुर**। कौशल, नियोजन एवं उद्यिमता विभाग की ओर से युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए 14 नवम्बर को स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में 'मेगा जॉब फेयर' आयोजित किया जाएगा। आयुक्त रेणु जयपाल ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और तैयारियों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। रेणु जयपाल ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की बैठक व्यवस्था, रजिस्ट्रेशन, हेल्प डेस्क, कम्पनियों की स्टॉल्स सहित सभी व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जॉब फेयर में आने वाले आशार्थियों के लिए सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से की जाए। उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। रजिस्ट्रेशन से लेकर कम्पनियों में रोजगार पाने तक की पूरी प्रक्रिया आसान हो। हेल्प डेस्क की ऐसी व्यवस्था हो, जहां उन्हें आवश्यक हर मदद मिल जाए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के मुताबिक सभी तैयारियां तय समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आरएसएलडीसी के महाप्रबंधक खेमाराम यादव, सतीश महला, डीपी सैनी सहित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एवं रोजगार विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### जोधपुर की महिला से जयपुर में दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। जोधपुर की एक महिला से जयपुर में दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सिंधी कैंप थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार मूलतया जोधपुर निवासी 35 वर्षीया विवाहिता की इंस्टाग्राम पर जीपीओ, पुरानी बस्ती निवासी श्रेयांस पारीक से हुई थी। आरोप है पीड़िता 4 अगस्त को जयपुर में थी। इस दौरान श्रेयांश मिलने के बहाने उसे सिंधी कैंप स्थित होटल ब्ल्यू हेवन ले गया, जहां कॉफी में नशीला पदार्थ मिला कर पीड़िता को पिला दिया। इसके बाद बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिए। अब वह ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### डोडा-चूरा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। सिंधीकैम्प थाना पुलिस ने पंजाब के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 20 किलो डोडा चूरा जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित अमनदीप सिंह (32) और लवप्रीत सिंह (19) गांव दोधा जिला मुक्तसर, पंजाब के रहने वाले हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को सिंधी कैंप बस स्टैंड के प्लेटफार्म संख्या 3 पर 20 किलो डोडा चूरा सहित पकड़ा है। आरोपित यह मादक पदार्थ बेंगु से लेकर आए थे और पंजाब लेकर जा रहे थे।

### दंपत्ति से मारपीट कर नाक-कान काटे

**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया इलाके में एक युवती से अभद्रता और उसके पति से मारपीट के बाद नाक-कान काटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया मूलतया नरैना क्षेत्र निवासी 44 वर्षीया महिला का इलाके में ससुराल है। उसके पति की कुछ दिन पहले एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। आरोप है महिला अपनी नाबालिग बेटी और उसके पति के साथ 31 अक्टूबर की सुबह ससुराल आई थी। यहां रामजीलाल गोट्या सहित अन्य ने उसकी बेटी के साथ मारपीट कर बेअदबी की और जब उसका पति उसे बचाने आया तो उससे भी जमकर मारपीट की गई। इसके बाद उसके नाक कान काट दिए गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### बच्ची से छेड़छाड़ करने वाला निरूद्ध

**जयपुर** (कासं)। विधाधर नगर इलाके में मासूम से अश्लील हरकत करने वाले बालअपचारी को पुलिस ने निरुद्ध कर लिया है। पुलिस के अनुसार इलाके निवासी महिला ने रिपोर्ट दी थी कि 7 नवंबर की दोपहर करीब तीन बजे उसकी साढे पांच साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान पडौस में रहने वाला 16 वर्षीय किशोर वहां आया और बच्ची को अपने साथ ले गया, जहां उसके साथ गलत हरकत की। पुलिस मामला दर्ज कर बालअपचारी को निरुद्ध कर लिया है।

### युवक के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर इलाके में बाइक सवार बदमाश महिला की चेन लूटने में नाकाम हुए तो उसके पति की सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस के अनुसार भृगु पथ स्थित भृगु अपार्टमेंट निवासी ओमप्रकाश सैनी ने रिपोर्ट दी है कि वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ 6 नवंबर को खरीदारी के लिए बाइक से बाजार गया था। वापिसी में करीब 8 बजे के एल सैनी स्टेडियम के पास पीछे से दो बाइक सवार बदमाश आए, जिन्होंने पत्नी को गिराने और चेन लूटने की कोशिश की। बदमाश वारदात में सफल नहीं हुए। इस दौरान पत्नी चिल्लाने लगी तो बदमाश ओमप्रकाश के गले पर झपट्टा मार उसकी सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# स्कूल बस से फिसलकर सड़क पर गिरे छात्र की दर्दनाक मौत

**जयपुर** (कासं)। मुहाना इलाके में एक नौवीं कक्षा के छात्र को उसी के स्कूल की बस ने कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर खून बिखर गया। सूचना पर मौके पर पहुंची ने मृतक छात्र के शव को जयपुरिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। बुधवार सुबह शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। वहीं, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया घटना डिग्गी रोड स्थित रिंग रोड के पास स्लिप लाइन मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे की है, जहां स्कूल बस से एक छात्र अचानक नीचे गिर गया। सिर में गंभीर छोटे लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त मनीष शर्मा (15) पुत्र मुकेश कुमार शर्मा निवासी बड़ वाली ढाणी, मुहाना के रूप में हुई है।

- **मुहाना इलाके में डिग्गी रोड पर रिंग रोड के नजदीक हुआ हादसा**

दरअसल, मनीष प्रताप पब्लिक स्कूल, बालावाला में नौवीं कक्षा का छात्र है। यह स्कूल के परिवार का ही है। वह रोजाना की तरह स्कूल से छुट्टी होने के बाद बस में बैठ कर घर आ रहा था। इस दौरान वह घर नजदीक आते समय बस के गेट पर आकर खड़ा हो गया। जैसे ही बस डिग्गी रोड पर रिंग रोड के पास स्लिप लाइन पर चढ़ी तो मनीष बस से नीचे जा गिरा। वह सिर के बल गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने बताया मुकेश शर्मा के दो बेटों में मनीष छोटा था, इससे बड़ा राहुल है। हादसा घटित करने वाली बस भी इनके परिवार की ही बताई जा रही है। फ़िलहाल घटना को लेकर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। वहीं मृतक के शव को जयपुरिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां बुधवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**जयपुर**। मुरलीपुरा इलाके में एक सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नानू नगर, मुरलीपुरा निवासी विश्वजीत 6 नवंबर की रात करीब 12 बजे बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान नाड़ी के फाटक के पास एक लोडिंग टेम्पो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में विश्वजीत को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया, जबकि मृतक के पिता सतेंद्र सिंह की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

उधर हरमाड़ा इलाके में सोमवार सुबह 14 नंबर रोड स्थित चौकटी पर एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई। फ़िलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस ने मृतक का शव सवाई मान सिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाई है।

# टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया इलाके में सोमवार देर रात एक पानी के टैंकर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं, मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया घटना अक्षयपात्र मंदिर के पास की सोमवार रात करीब 9:30 बजे की है। यहां एक टैंकर चालक ने लापरवाही पूर्वक सामने से आ रहे बाइक सवार को कुचल दिया। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक टैंकर लेकर फरार हो गया। मृतक की शिनाख्त मीठालाल मीणा (25) पुत्र नैनूराम निवासी चंदवाडा की ढाणी थाना लवाण जिला दौसा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया मृतक मीठालाल मीणा इलाके स्थित एक वर्कशॉप पर बाइक रिपेयरिंग का काम करता था। वह रिपेयरिंग के लिए आई बाइक को सोमवार रात अक्षयपात्र मंदिर के पास चेक कर रहा था। इस दौरान टैंकर ने उसे कुचल दिया। पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया, जबकि टैंकर चालक की तलाश शुरू की है।

- **रामनगरिया इलाके में अक्षयपात्र मंदिर के पास सोमवार देर रात हुआ हादसा**

# रामजीलाल सैनी ट्रोमा सेंटर के कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक बने

**जयपुर** (कासं)। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर का कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रामजी लाल सैनी को बनाया गया है। नर्सेज संघर्ष समिति के अध्यक्ष सोमसिंह मीणा और अन्य कर्मचारियों ने सैनी को नर्सिंग अधीक्षक पद पर कार्य भार ग्रहण करने पर माला पहनाकर कर बधाई दी।

इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर बाबू लाल, हवासिंह, खालिद मंसूरी, सुनीता डूडी, सुलेखा चौधरी व सागर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। उधर राजस्थान नर्सेज़ पैरामेडिकल संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक मनोज दुब्बी ने प्रदेश में पैरामेडिकल सहित नर्सिंग के रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार से जल्द नई भर्ती का विज्ञापन जारी करने की मांग की है। दुब्बी ने बताया कि प्रदेश हेल्थ इन्स्पेक्टर के लगभग 1000 पद रिक्त हैं। वहीं राज्य में 2018 में फार्मासिस्ट की भर्ती निकाली जो आज तक पूरी नही हुई। नर्सिंग ऑफ़िसर के लगभग 7000 पद व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के लगभग 4000 रिक्त पदों पर जल्द सीधी भर्ती बोनस अंको के आधार पर निकालकर संविदा नर्सेज को नियमित किया जाए।

# वार्षिकोत्सव में श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**जयपुर** (कासं)। श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर का 18 वां वार्षिकोत्सव मानसरोवर के दीप स्मृति सभागार बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर के अध्यक्ष विमल कुमार सोनी ने बताया कि चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर के महंत गोपाल दास महाराज के सान्निध्य में कोलकाता के रवि बेनीवाल ने उन्होंने बांके बिहारी लाल तू इतना ना करियो श्रृंगार नजर तोहे लग जाएगी... जैसी श्याम भजनों की ऐसी स्वर लहरियां बिखेरी कि उपस्थित श्रद्धालुओं ने स्वर में स्वर मिलाकर जुगलबंदी की। दिल्ली के शीतल पांडे ने यह तेरा खोटा सिक्का सरे आम चल रहा है..., तेरा प्यार का आसरा चाहता हूं, कृपासिंधु तेरी कृपा चाहता हूं..., मेरी दुनिया ही बदल दी तूने क्या जरा सा तेरा नाम लिया... जैसी रचनाएं सुनाकर माहौल को श्याम बना दिया। निशा-गोविंद शर्मा ने जब तक आशा पूरी नहीं होगी जब तक दर से हम नही हटेंगे... भजन सुनाकर श्याम भक्तों की मंशा की झलक झांकी प्रस्तुत की। श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर की ओर से श्याम बाबा के दरबार में पूजा-अर्चना कर श्याम भक्तों को झंडियां वितरित की गई। हर ओर लहराते निशान को देखकर आयोजन स्थल खाटू श्याम जी की तरह लग रहा था। श्री श्याम सेवा संघ मानसरोवर के अध्यक्ष विमल कुमार सोनी ने बताया कि कोलकाता से मंगाए फूलों से बाबा श्याम प्रभु का नयनाभिराम शृंगार किया गया। छप्पन भोग की झांकी सजाकर अखंड ज्योत प्रज्जवलित करने के साथ कीर्तन का शुभारंभ हुआ।

# भागवत कथा में हुआ राष्ट्रवाद का शंखनाद

## साध्वी ऋतंभरा ने दक्षिणा में लिया देश का सौभाग्य बनाए रखने का संकल्प

विद्याधरनगर सेक्टर-7 में साध्वी ऋतंभरा की श्रीमद्भागवत कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

**जयपुर** (कासं)। परम शक्तिपीठ के तत्वावधान में वृंदावन की श्री सर्व मंगला पीठम् की स्थापना के निमित्त विद्याधरनगर सेक्टर-7 के अग्रसेन पार्क के सामने दो नवंबर को शुरू हुई दीदी मां साध्वी ऋतंभरा की श्रीमद्भागवत कथा मंगलवार को सुदामा चरित्र, नवयोगेश्वर संवाद, कलियुग वर्णन और परीक्षित मोक्ष के प्रसंग के साथ संपन्न हुई।

अंतिम दिन की कथा राष्ट्रवाद के नाम रही। साध्वी ऋतंभरा ने श्रद्धालुओं को देश के प्रति कर्तव्यबोध करवाते हुए दक्षिणा के रूप में देश से प्रेम करने और इसे अखंड बनाए रखने का संकल्प करवाया। प्रारंभ में कथा के मुख्य यजमान शिव कुमार गोयल ने व्यासपीठ का पूजन कर आरती उतारी। कार्यक्रम संयोजक सौरभ गोयल ने आभार प्रकट किया।

साध्वी ऋतम्भरा ने राष्ट्रवाद का शंखनाद करते हुए कहा कि देश से अगर प्यार है तो इसे भारत ही रहने दो। अपनी संस्कृति को बचाओ। बच्चों को विदेशों में पढाकर मैकाले की संतान मत बनाओ। वहां पढकर ज्यादातद बच्चे धर्म और संस्कृति का विरोध करते हैं। विदेशी षड्यंत्र के तहत वैब सीरीज के माध्यम से देश की संस्कृति को खत्म किया जा रहा है।

उन्होंने कहा जिसको भारत की धरती से प्यार नहीं उसे भारत में रहने का अधिकार नहीं है। जिसे देश से प्यार है, वह संकल्प करें कि वह निजी स्वार्थ, जाति और प्रांतवाद से ऊपर उठकर भारत का सौभाग्य बनाए रखेंगे। ऋतंभरा ने कहा कि देश 800 साल तक किसी का गुलाम नहीं रहा, वह हमारा संघर्ष का कालखंड था।

अयोध्या के बन राम मंदिर को प्रसंग में शामिल करते हुए कहा कि राम मंदिर कर्तव्य की इतिश्री नहीं मात्र प्रारंभ है। इस दौरान मैं रहू या ना रहू भारत यह रहना चाहिए...गीत के माध्यम से उन्होंने देशभक्ति की हिलोर पैदा कर दी। साध्वी ऋतम्भरा ने गुरु नानक जयंती पर शबद कीर्तन भी किया। चंद्रग्रहण होने के कारण लोगों ने कथा पांडाल में भजन गाए और संकीर्तन किया। इस मौके पर अलवर सांसद स्वामी सुमेधानंद, रीको के निदेशक सीताराम अग्रवाल सहित अनेक विशिष्ट लोग उपस्थित रहे।

साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि जो भी कार्य करो हमेशा यह भाव रखो कि करने वाला और कराने वाला भगवान है। वह तो मात्र उपकरण है। क्योंकि कार्य के दौरान होने वाली टीका टिप्पणी से किसी को रोका नहीं जा सकता। भगवान कृष्ण तक पर मणि की चोरी का आरोप लगा है । इसलिए पाप और पुण्य भगवान को अर्पित करते रहिए। पुण्य पेट है तो पाप पीठ। दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। पुण्य करते-करते कब पाप हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। जिसस कार्य को करके छुपाना पडे वही पाप है, लेकिन वास्तव में भगवान से कुछ छुपा नहीं रहता। हमारा चित्त ही चित्रगुप्त है जो हमारे पाप और पुण्य का लेखा जोखा लिखता रहता है। साध्वी ऋतम्भरा ने कहा कि संबंधों के बीच संदेह है मत आने दीजिए अन्यथा संबंधों में बिखराव आ जाता। रिश्तों में अहम और वहम दोनों ही खतरनाक है।